कार्यालयः प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज

पत्रांक संख्याः नियु0 / एस0आर0–जे0आर0 / 2023 /　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 11 / 2023

::कार्यालय आदेश::

राजकीय मेडिकल कालेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, कन्नौज में संविदा के आधार पर सीनियर रेजीडेंट / नॉन पी0जी0 रेजीडेंट / प्रदर्शक के रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञप्ति।

राजकीय मेडिकल कालेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, कन्नौज के विभिन्न विभागों में सीनियर रेजीडेंट / नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेंट / प्रदर्शक के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु वाक इन इन्टरव्यू (Walk in Interview) पद्धति द्वारा साक्षात्कार **दिनांक 02 / 01 / 2024 दिन मंगलवार** को प्रधानाचार्य कार्यालय में आयोजित है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह साक्षात्कार के दिवस प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 12 बजे के मध्य एन0एम0सी0 (National Medical Council) द्वारा निर्धारित अर्हताओं के अनुसार अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों शैक्षिक / अनुभव प्रमाण पत्रों / शोध पत्रों / आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र की (स्व प्रमाणित) छायाप्रतियों के 1 सेट बायोडाटा सहित साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन इस महाविद्यालय की वेबसाइट www.govtmckannauj.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारूप पर पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भी किसी भी कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

नोटः–

1–पदों पर नियमानुसार रोस्टर प्रभावी होगा।
2–पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
3–साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्र लाना अनिवार्य है।
4–साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज

पत्रांक संख्याः नियु0 / एस0आर0–जे0आर0 / 2023 / 12693-97　　　तद्दिनांक–

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
2–प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज–कानपुर / आगरा / मेरठ / प्रयागराज / गोरखपुर / झांसी / अम्बेडकर नगर / आजमगढ़ / जालौन / सहारनपुर / बांदा / बदायू को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति संस्थान के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने की कृपा करें।
3–सचिव / सदस्य चयन समिति एस0आर0 / जे0आर0, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
4–संबंधित विषय विशेषज्ञ / विभागाध्यक्ष, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5–.प्रभारी अधिकारी बेवसाइट, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज को इस आषय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट www.govtmckannauj.in पर अपलोड करना सुनिष्चित करें।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज।